## न्यायालय श्री पुरूषोत्तम शर्मा, R.A.S अतिरिक्त कलक्टर (द्वितीय), जयपुर।

राजस्व रेफरेन्स संख्या : 12/2011 (आरसीएमएस संख्या : 2011/00008)
सरकार जरिये तहसीलदार, फागी, जिला-जयपुर।

प्रार्थी,

बनाम

1. बलवीर सिंह माहल पुत्र श्री सरदार महेन्द्र सिंह माहल, जाति-जाट, निवासी-66, विनोबा विहार, मालवीय नगर, जयपुर।
2. रविन्द्र गुप्ता पुत्र श्री राधेश्याम गुप्ता, जाति-महाजन, निवासी-111/381, मानसरोवर, जयपुर।
3. दीपाली सक्सेना पत्नी श्री विशाल सक्सेना, जाति-कायस्थ, निवासी-पीयूष पथ, बापू नगर, जयपुर।
4. इन्द्रा जैन पत्नी श्री राजेश जैन, जाति-महाजन, निवासी-एफ-10, दीनदयाल कॉलोनी, तहसील-निवाई, जिला-टोंक।
5. गरिमा सक्सेना पत्नी श्री संदीप सक्सेना, जाति-कायस्थ, निवासी-90, जनता कॉलोनी, जयपुर।

अप्रार्थीगण,

( राजस्व रेफरेन्स अन्तर्गत धारा 82 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम,1956 सपठित धारा 232 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 )

उपस्थिति :-
1. पेरोकार सरकार।
2. अप्रार्थीगण बावजूद सूचना असालतन/वकालतन अनुपस्थित। अतः इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई।

**निर्णय** दिनांक : 18.09.2019

तहसीलदार, फागी द्वारा निवेदन किया गया है कि खतौनी बन्दोबस्त (जमाबंदी) सम्वत् 2011-2030 में ग्राम चांदावास की आराजी खसरा नम्बर 495 रकबा 37 बीघा 18 बिस्वा सिवायचक बिला लगानी किस्म जमीन गैर-मुमकिन नाला दर्ज है, आराजी खसरा नम्बर 495 रकबा 37 बीघा 18 बिस्वा में से 4 बीघा कल्याण पुत्र श्री जोधा, कौम-बागरिया के हक मे दिनांक 09.09.1978 को आवंटन होने से जरिये नामान्तर-करण संख्या-88 कल्याण के नाम दर्ज होकर गैर-खातेदारी से खातेदारी का नामान्तरकरण सं0-157 स्वीकार किये जाने और विक्रय के फलस्वरूप अप्रार्थीगण बलवीर सिंह वगैराह की खातेदारी में नकल खतौनी जमाबन्दी सम्वत् 2065-2068 अनुसार दर्ज हैं। भू-प्रबन्ध सम्वत् 2011-2030 में दर्ज गैर-मुमकीन नाला आराजी को निजी खातेदारी में दर्ज किया जाना राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 88 व राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 के प्रावधानों के विपरीत है तथा डी.बी.सिविल जनहित याचिका संख्या 1536/03 अब्दुल रहमान बनाम सरकार में

Scanned by CamScanner

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 02.08.2004 द्वारा ऐसी निजी खातेदारियों को निरस्त करने के निर्देश दिए गए है। अतः विवादग्रस्त आराजी को सिवायचक बिला लगानी गैर-मुमकीन नाला दर्ज किए जाने के आदेश फरमावें।

विद्वान् पेशकार सरकार का कथन है कि खतौनी बन्दोबस्त (जमाबंदी) सम्वत् 2011-2030 मे ग्राम चांदावास की आराजी खसरा नम्बर 495 रकबा 37 बीघा 18 बिस्वा सिवायचक बिला लगानी किस्म जमीन गैर-मुमकिन नाला दर्ज है, आराजी खसरा नम्बर 495 रकबा 37 बीघा 18 बिस्वा में से 4 बीघा कल्याण पुत्र श्री जौधा, कौम बागरिया के हक मे आवंटन होने से जरिये नामान्तरकरण संख्या-88 कल्याण के नाम दर्ज गैर-खातेदारी होकर नामान्तरकरण सं0-157 द्वारा आंवटी को खातेदारी दी गई हैं। खातेदार द्वारा आराजी को विक्रय कर दिये जाने के कारण क्रेता अप्रार्थीगण बलबीर सिंह वगैराह की खातेदारी मे नकल खतौनी जमाबन्दी सम्वत् 2065-2068 अनुसार दर्ज हैं। भू-प्रबन्ध सम्वत् 2011-2030 में राजस्व रिकार्ड में दर्ज नदी, नाला, झील, नाडी, तलाई, तालाब, जलाशय की भूमि पर निजी खातेदारी अधिकार दिये जाना राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 88 व राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 16 के प्रावधानों के विपरीत होने से अवैध है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा डी.बी. सिविल जनहित याचिका संख्या 1536/03 अब्दुल रहमान बनाम सरकार में ऐसी खातेदारियों को निरस्त करने के निर्देश दिये गये हैं। विवादग्रस्त आराजी ख0न0 495 रकबा 37 बीघा 18 बिस्वा में से 4 बीघा वाके ग्राम चांदावास कल्याण पुत्र श्री जौधा, कौम-बागरिया को आवंटन सलाहकार समिति द्वारा दिनांक 09.09.1978 को आवंटन किया गया है। जिसका इन्द्राज नामान्तरकरण सं0-88 के कॉलम सं0-14 पर है, नियमों के विपरीत अवैध रूप से आवंटित की गई है। जबकि विवादग्रस्त आराजी राजस्व अभिलेख खतौनी बन्दोबस्त सम्वत् 2011-2030 में यह आराजी गैर-मुमकिन नाला दर्ज है। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 के अन्तर्गत विवादग्रस्त आराजी आवंटन हेतु वर्जित है और इस धारा 16 में स्पष्ट प्रावधान है कि ऐसी आराजी पर खातेदारी अधिकार प्रोद्भूत नही होगें। आवंटन दिनांक 09.09.1978 को कृषि प्रयोजनार्थ भूमि के आवंटन हेतु राजस्थान भू-राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन) नियम, 1970 राज्य सरकार द्वारा बनाये गये है और ये शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रभावशील हुए है। आवंटन नियम 1970 के नियम 4 में भी राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 में वर्णित भूमियों को कृषि प्रयोजनार्थ आवंटन हेतु उपलब्ध नहीं होने का प्रावधान है। इस प्रकार अधिनियम/नियम मे दर्ज प्रावधानों के विपरीत गैर-मुमकिन नाला की आराजी को दिनांक 09.09.1978 को कल्याण पुत्र जौधा, जाति-बागरिया को आवंटन किया गया है

Scanned by CamScanner

जो कानूनी प्रावधानों के विपरीत होने से अवैध है और ऐसे अवैध आवटन के पश्चात् आवंटी के हक में राजस्व अभिलेखों में दर्ज इन्द्राज और पश्चातवर्ती प्रारंभ से शून्य है। ऐसी स्थिति में आवंटन एवं आवंटन के परिणामस्वरूप राजस्व अभिलेखों में अब तक किये गये इन्द्राजों को निरस्त किया जाना न्यायोचित है। रेफरेन्स प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किये जाने के संबंध मे समय सीमा बाधित नहीं हैं। रेफरेन्स कभी भी प्रस्तुत किया जा सकता हैं। अतः रेफरेन्स प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने हेतु माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर को प्रेषित किया जावे।

हमनें पेरोकार सरकार की बहस पर गौर किया व पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली में उपलब्ध खतौनी बन्दोबस्त (जमाबंदी) सम्वत् 2011–2030 ग्राम चांदावास की आराजी खसरा नम्बर 495 रकबा 37 बिस्वा 18 बिस्वा सिवायचक बिला लगानी किस्म जमीन गैर–मुमकिन नाला दर्ज है, आराजी खसरा नम्बर 495 रकबा 37 बीधा 18 बिस्वा में से 4 बीधा कल्याण पुत्र श्री जौधा, कौम–बागरिया के हक में आवंटन होने से जरिये नामान्तरकरण संख्या–88 कल्याण के नाम दर्ज होकर खातेदारी का नामान्तरकरण सं0–157 स्वीकार हुआ हैं। खातेदार द्वारा विक्रय किये जाने के फलस्वरूप अप्रार्थीगण बलबीर सिंह वगैराह के नाम नामान्तरकरण संख्या 322 स्वीकार किये जाने के फलस्वरूप नकल खतौनी जमाबन्दी सम्वत् 2065–2068 में अप्रार्थीगण बलबीर सिंह वगैराह का नाम दर्ज हैं। भू–प्रबन्ध सम्वत् 2011–2030 में दर्ज गैर– मुमकिन नाला आराजी को निजी खातेदारी में दर्ज किया जाना राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 88 व राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 के प्रावधानों के विपरीत है तथा डी.बी.सिविल जनहित याचिका संख्या 1536/03 अब्दुल रहमान बनाम सरकार में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 02.08.2004 द्वारा ऐसी निजी खातेदारियों को निरस्त करने के निर्देश दिए गए है। वरवक्त बहस विद्वान् पेरोकार सरकार ने विवादग्रस्त आराजी को आवंटन दिनांक 09.09.1978 को राजस्व अभिलेख में गैर–मुमकिन नाला दर्ज होने का कथन किया है जिसकी पुष्टि पत्रावली में उपलब्ध नकल जमाबंदी सम्वत् 2011–2030 से होती है और इस आराजी का आवंटन कल्याण पुत्र जौधा, जाति–बागरिया को दि. 09.09.1978 को किया गया है, की पुष्टि पत्रावली में उपलब्ध नकल नामान्तरकरण सं0–88 ग्राम–चांदावास से होती है। गैर–खातेदारी का नामान्तरकरण संख्या–88 व खातेदारी का नामान्तरकरण संख्या–157 स्वीकार किया गया हैं और वादग्रस्त आराजी के विक्रय किये जाने के फलस्वरूप क्रेता बलबीर सिंह वगैराह के नाम नामान्तरकरण संख्या–322 स्वीकार किया गया हैं। विवादग्रस्त आराजी जमाबन्दी सम्वत् 2065–2068 में निजी खातेदारी दर्ज है। राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 88 व

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 के प्रावधानों के अनुसार बिला लगानी सिवायचक गैर–मुमकीन नाला की भूमि की निजी खातेदारी किसी को नही दी जा सकती किन्तु अधिनियमों के प्रावधानों के विपरीत गैर–मुमकीन नाला भूमि का आवंटन कर खातेदारी दी गई है, जो प्रारम्भ से शून्य है और ऐसे प्रारम्भ से शून्य आधारित निर्णय/आज्ञा अथवा अन्य प्रकिया के अनुसरण मे एवं इसके पश्चात की गई नामान्तरकरण/अमल दरामद की कार्यवाही स्वत: ही अवैध हो जाती हैं। नियमानुसार गैर–मुमकिन नाला भूमि का आवंटन/नियमन/खातेदारी नही दी जा सकती इसके बावजूद नियमों के विपरीत खातेदारी दी गई हैं/ली गई है जो प्रारम्भ से शून्य हैं। शून्य आधारित आज्ञा के परिणामस्वरूप यदि अप्रार्थीगण को खातेदारी अधिकार प्राप्त हुये हैं और इसके अनुसरण में राजस्व अभिलेखों में अमल दरामद हुआ हैं तो यह प्रभाव शून्य हैं। शून्य आधारित आदेश के विरूद्ध कभी भी रेफरेन्स प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया जा सकता हैं। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा डी.बी.सिविल जनहित याचिका संख्या 1536/2003 उनवानी अब्दुल रहमान बनाम सरकार वगैराह में दिये गये निर्णय की पालना में प्रार्थी तहसीलदार, फागी द्वारा रेफरेन्स प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया हैं और माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय की पालना में दिनांक 15.08.1947 की स्थिति बहाल किये जाने के संबंध में सुलभ दस्तावेजात प्रतियों/साक्ष्यों की प्रतियां प्रार्थी पक्ष द्वारा प्रस्तुत की गई हैं। जिसके विपरीत अथवा इसके खण्डन में पत्रावली में अन्य कोई दस्तावेजात उपलब्ध नहीं हैं। परिणामत: उक्त विवेचनानुसार विवादग्रस्त आराजी ख0न0 495 रकबा 37 बीघा 18 बिस्वा में से 4 बीघा वाके ग्राम–चांदावास आवंटन दिनांक 09.09.1978 बहक कल्याण पुत्र जौधा, जाति–बागरिया को निरस्त करने एवं इस आवंटन के फलस्वरूप आवंटी के हक में दर्ज किये गये इन्द्राजात एवं निजी खातेदारी में लगाए जाने की आज्ञा एवं इसके पश्चात् की समस्त कार्यवाही/इन्द्राजों को निरस्त करने तथा वापिस सिवायचक गैर–मुमकीन नाला दर्ज करने की राय से राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 82 सपठित धारा 232 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत रेफरेन्स स्वीकार किये जाने हेतु माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर को प्रेषित है। पक्षकार को दिनांक 13.11.2019 को प्रात: 10.00 बजे माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर उपस्थित होने हेतु पाबन्द किया गया। निर्णय की अतिरिक्त प्रतियों के साथ पत्रावली माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर को भेजी जावे।

निर्णय सरे इजलास आज दिनांक 18.09.2019 को सुनाया गया।

न्यायालय अति. कलक्टर (द्वितीय) जयपुर

(पुरूषोत्तम शर्मा)
अति. कलक्टर (द्वितीय)
जयपुर

Scanned by CamScanner